विषयांतर्गत लेख है कि आज दिनांक 10 फरवरी 2015 को नेशनल डीवर्मिंग डे का प्रदेश व्यापी शुभारंभ माननीय स्वास्थ्य मंत्रीजी के द्वारा किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम सभी जिलों में शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग एवं एकीकृत बाल विकास सेवाएँ के समन्वय से क्रियान्वित किया जा रहा है। आप सभी के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में इस कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन संभव है। नेशनल डीवर्मिंग डे के प्रथम दिवस पर स्वतंत्र मॉनीटर एवं राज्य स्तरीय निरीक्षकों से प्राप्त फिडबैक अनुसार निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता हैं :—

- समस्त शासकीय एवं शासकीय अनुदान प्राप्त स्कूलों में पर्याप्त एल्बेन्डाजोल गोली तथा प्रतिकुल घटना के बचाव संबंधी औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।
- 5 से 19 वर्षीय शाला त्यागी एवं शाला अप्रवेशी बच्चों को आंगनवाडी सहायिका तथा आशा के माध्यम से आंगनवाडी केंन्द्रों पर कृमिनाशक एल्बेन्डाजोल गोली का सेवन कराया जाये।
- शालाओं में बच्चों के अनुपूरण पश्चात्, उपस्थिती पंजी में 1 ✓ का निशान लगाने की समझाईश पुनः दी जाये।
- मॉप—अप दिवस (11 से 14 फरवरी 2015) पर छूटे बच्चों को गोली खिलाने के पश्चात् उपस्थिति रजिस्टर में ✓✓ का निशान लगाया जाये।
- रिर्पोटिंग प्रपत्र एवं एडवर्स इवेंन्ट मेनेजमेंन्ट के दिशा निर्देश सभी शालाओं तथा आंगनवाडी केंन्द्रों पर उपलब्ध हो।
- किसी भी प्रतिकूल घटना का प्रबंधन तत्काल सुनिश्चित किया जाये एवं इसकी सूचना निर्धारित रिर्पोटिंग प्रपत्र में जिला एवं राज्य स्तर पर प्रेषित की जाये।
- एल्बेन्डाजोल गोली को बच्चों द्वारा चबाकर ही खाया जाना है एवं इस गोली का खाने के साथ कोई संबंध नही हैं अर्थात यह गोली शालाओं में प्रातः उपस्थिती के समय भी खिलाई जा सकती हैं।
- समस्त शालाओं एवं आगनवाडी केंन्द्रों पर सूचना पत्रक, हेन्ड आउट एवं आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों की जानकारी (FAQs) उपलब्ध कराई जाये।
- शिक्षा विभाग के नोडल शिक्षक, शाला प्रधान, बी.आर.सी. एवं ब्लाक/जिला शिक्षा अधिकारियों से सतत समन्वय बनाई जाये।

आशा है कि आप सभी के सघन प्रयासों से नेशनल डीवर्मिंग डे का प्रदेश में सफल आयोजन होगा एवं वांछित कवरेज की प्राप्ति हो सकेगी।

(एफैज अहमद किदवई)
मिशन संचालक
एन.एच.एम.मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक/एन.एच.एम/NIPI/2015/1657 भोपाल, दिनांक 10/02/2015

प्रतिलिपिः– आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, वल्लभ भवन, मध्यप्रदेश।
2. प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, वल्लभ भवन मध्यप्रदेश।
3. प्रमुख सचिव, एकीकृत बाल विकास सेवायें, वल्लभ भवन मध्यप्रदेश।
4. स्वास्थ्य आयुक्त, मध्यप्रदेश।
5. समस्त, संभागीय संयुक्त संचालक, एकीकृत बाल विकास सेवायें, मध्यप्रदेश।
6. समस्त, संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश।
7. समस्त, जिला कलेक्टर, मध्य प्रदेश।
8. समस्त, जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश।
9. समस्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवायें, मध्यप्रदेश।
10. पोषण विशेषज्ञ यूनिसेफ भोपाल।
11. राज्य कार्यक्रम अधिकारी, एम.आई. मध्यप्रदेश।
12. राज्य कार्यक्रम अधिकारी, डीवर्म द वर्ल्ड इनिशिएटिव, मध्यप्रदेश।
13. समस्त, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, मध्यप्रदेश।
14. समस्त, संभागीय कार्यक्रम प्रबंधक, आर.सी.एच./एन.एच.एम., मध्यप्रदेश।
15. समस्त, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, आर.सी.एच./एन.एच.एम., मध्यप्रदेश।
16. समस्त, जिला पोषण सलाहकार, आर.सी.एच./एन.एच.एम., मध्यप्रदेश।

मिशन संचालक
एन.एच.एम.,मध्यप्रदेश

Annexure F

Adverse Event Protocol

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

बैंक ऑफ इंडिया, भवन तृतीय तल,
अरेरा हिल्स भोपाल, मध्यप्रदेश

क्रं./एन.एच.एम./NIPI/ 2015/ 1275 भोपाल, दिनांक 28/01/2015

प्रति,

समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
मध्यप्रदेश

विषय :– **नेशनल डीवार्मिंग डे का आयोजन 10 फरवरी 2015 को किये जाने पर प्रतिकुल घटना के प्रबंधन हेतु दिशा निर्देश।**

*****

विषयांतर्गत लेख है कि **भारत सरकार के नवीन दिशा–निर्देशानुसार National Deworming Day (NDD) का आयोजन, एक निश्चित दिवस पर (Fix Day Approach) किया जाकर,** 1 से 5 वर्षीय बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्रों में (बाल सुरक्षा माह में छूटे हुए) तथा 5 से 19 वर्षीय शासकीय/शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं में पंजीकृत समस्त बालक एवं बालिकाओं का कृमिनाशन किया जाना हैं। **कार्यक्रम का क्रियान्वयन स्कूल शिक्षा विभाग एवं एकीकृत बाल विकास सेवायें के समन्वय से किया जायेगा।**

National Deworming Day (NDD) का उद्देश्य :– समस्त शासकीय/शासकीय अनुदान प्राप्त स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से समस्त 1 से 19 वर्षीय बच्चों को कृमिनाशन हेतु एल्बेंण्डाजोल सस्पेन्शन/गोली की प्रदायगी सुनिश्चित करना जिससे बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य–पोषण स्तर, आयरन की कमी की रोकथाम से बौद्धिक विकास तथा शालाओं में उपस्थिति में सुधार हो सके।

शाला एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में किसी भी प्रकार की प्रतिकूल घटना का प्रबंधन सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रतिकूल घटना के प्रबंधन संबंधी गाईड लाईन एवं रिर्पोटिंग प्रपत्र सुलभ संदर्भ हेतु **अनुलग्नक–अ** पर संलग्न है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

(फैज अहमद किदवई)
मिशन संचालक
एन.एच.एम.,म.प्र

पृ.क्रंमाक/एन.एच.एम/ NIPI/2015 भोपाल,दिनांक /01/2015

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ।

1. **प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, एन.एच.एम., मध्यप्रदेश।**
2. **समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश।**
3. **समस्त निपी नोडल अधिकारी, मध्यप्रदेश।**
4. **समस्त जिला कार्यक्रम प्रबंधक, मध्यप्रदेश।**
5. **समस्त जिला पोषण सलाहकार, एन.एच.एम., मध्यप्रदेश।**

मिशन संचालक
एन.एच.एम.,म.प्र.

अनुलग्नक–अ

नेशनल डिवार्मिंग डे के अन्तर्गत प्रतिकूल घटनाओं का प्रबन्धन

1. **कार्यक्रम के पूर्व की तैयारी** – समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों तथा शासकीय/शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं तथा आर.बी.एस.के. के चलित स्वास्थ्य दलों में निम्नानुसार औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित हो:–

    1. **ORS Packets**
    2. **Tab. Magnesiun Hydroxide+Aluminium Hydroxide (500 mg+250 mg)/Suspension (625 mg +312mg/5 ml)**
    3. **Tab. Chlorpheniramine maleate (4 mg)**
    4. **Tab. Cetrizine (10 mg)**
    5. **Tab. Dicyclomine (10 mg)**
    6. **Tab. Domperidone (10/20 mg) /Susp.Domperidone (1mg/ml)**
    7. **Tab. Paracetamol (250/500 mg)/Syp. Paracetamol (125 mg/5ml)**

2. **प्रतिकूल घटना की सूचना प्रणाली –**

    - शालेय बच्चों (5–19 वर्ष) कृमिनाशक गोली सर्वथा निगरानी में दी जाए ताकि प्रतिकूल घटना की संभावना कम हो।
    - ग्राम स्तर पर कृमिनाशक औषधि के खिलाने पर आपातकालीन स्थिति के निराकरण की संपूर्ण तैयारी हो।
    - 12–60 माह के उम्र वाले बच्चों में कृमिनाशक सस्पेंशन का सेवन घर पर किया जाएगा, अतः आशा कार्यकर्ता/ए.एन.एम. द्वारा प्रतिकूल घटना के विषय में परामर्श देने के उपरांत ही आई.एफ.ए. गोली दी जाए। गृह भेंट के दौरान इस विषय में जानकारी प्राप्त की जाए।
    - 5 वर्ष से छोटे बच्चों में कृमिनाशक गोली के सेवन उपरांत अल्पतीव्र या मामूली प्रतिकूल लक्षण होने पर आशा/ए.एन.एम. से मूलभूत उपचार प्राप्त की जाए।
    - 5 वर्ष से छोटे बच्चों की मॉ कोई भी गंभीर प्रतिकूल लक्षण होने पर एम.सी.पी. कार्ड में उल्लेखित जननी एक्सप्रेस अथवा 108 के दूरभाष नम्बर पर डायल कर आपातकालीन परिवहन व्यवस्था प्राप्त की जा सकती है।
    - समस्त ग्राम आरोग्य केन्द्रों पर उपरोक्तानुसार औषधियों की उपलब्धता रहे।
    - आपातकालीन स्थिति में निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सक का मोबाइल नम्बर, ग्राम आरोग्य केन्द्र/आंगनवाडी केन्द्रों के दीवार पर अंकित हो तथा शाला प्रधान के पास उपलब्ध रहे।
    - मामूली लक्षण होने पर उपचार के साथ–साथ परामर्श एवं समझाइश दी जाए कि यह लक्षण गंभीर नहीं है तथा स्वतः ही कम हो जाते हैं।
    - गंभीर लक्षण होने पर आपतकालीन परिवहन व्यवस्था–108/जननी एक्सप्रेस के माध्यम से निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाया जाए। इस हेतु कॉल सेन्टर का नम्बर आशा/आंगनवाड़ी कार्यकर्ताध्शाला प्रधान के पास उपलब्ध हो।
    - समस्त महत्वपूर्ण मोबाइल नम्बर जैसे–आशा, ए.एन.एम., स्वास्थ्य सुपरवाईजर, सेक्टर अधिकारी तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मोबाइल/दूरभाष नम्बर शाला प्रधान तथा विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों के पास उपलब्ध रहे।
    - आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए ब्लाक स्तर पर इमर्जेन्सी रेस्पोन्स टीम का गठित हो जिसमें 1 चिकित्सक, 1 स्टॉफ नर्स/ए.एन.एम. तथा 1 फार्मासिस्ट रहे।

प्रतिकूल घटना की सूचना प्रवाह निम्नानुसार की जाए :–

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/शाला प्रधान ⟶ आशा/ए.एन.एम./हेल्थ सुपरवाईजर ⟶ सेक्टर अधिकारी/ खण्ड चिकित्सा अधिकारी⟶ जिला निपी नोडल अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ⟶ राज्य निपी नोडल अधिकारी /संचालक तथा मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन।

अल्पतीव्र/मामूली प्रतिकूल घटना प्रोटोकॉल –

- कृमिनाशक गोलियों के सेवन से कुछ बच्चों में उबकाई, जी मचलना, उल्टी, हल्का पेट दर्द या थकान के लक्षण प्रकट हो सकते है। यह लक्षण मामूली एवं अस्थाई होते हैं तथा आमतौर पर इनके ईलाज के लिए अस्पताल ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।
- आंगनवाड़ी केन्द्र अथवा शाला में अनुपूरण के पश्चात मामूली प्रतिकूल लक्षण होने पर निम्नानुसार कार्यवाही की जाए:–
  - ✓ पीड़ित बच्चे को छायादार खुली एवं समतल जगह पर लिटाकर आराम करायें।
  - ✓ उसे पीने को साफ पानी दें तथा ओ.आर.एस. का घोल तुरन्त बनाकर पिलाऐं।
  - ✓ आशा/ए.एन.एम./हेल्थ सुपरवाईजर तथा चिकित्सा अधिकारी व बच्चे के अभिभावकों को सूचित करें।
  - ✓ प्राथमिक उपचार तथा समझाइश के बाद 2 घंटे तक बच्चे को निगरानी में रखें।

अल्पतीव्र/मामूली प्रतिकूल घटना के दौरान मूलभूत उपचार हेतु संदर्भ तालिका –

क्र.	लक्षण	औषधि	डोज
1	चक्कर या घबराहट	Reduced Osmolarity Solution - ORS	1 लीटर साफ पानी में 1 पैकेट ओ.आर.एस. डालकर अच्छी तरह मिलायें एवं पीड़ित हितग्राही को बार–बार पिलायें।
2	पेट में जलन या घबराहट	Tab. Magnesiun Hydroxide + Aluminium Hydroxide (500 mg+250 mg)/Suspension (625 mg +312mg/5 ml)	5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को आधी चम्मच, 5–10 वर्ष के बच्चे को 1 चम्मच सस्पेंशन दें तथा 10 वर्ष से अधिक उम्र के पीड़ित हितग्राहियों को 1 गोली चबाकर खाने को बोलें।
3	दाने, चकत्ते या फिर खुजली	Tab. Chlorpheniramine maleate(4 mg) or Tab. Cetrizine (10 mg)	5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को 1 चौथाई गोली , 5–10 वर्ष के बच्चे को आधी गोली तथा 10 वर्ष से अधिक उम्र के पीड़ित हितग्राहियों को 1 गोली
4	उल्टी	Tab. Domperidone (10/20 mg) /Susp.Domperidone (1mg/ml)	5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को आधा चम्मच सस्पेन्शन, 5–10 वर्ष के बच्चे को 10 मि.ग्रा. की आधी गोली अथवा 1 चम्मच सस्पेंशन तथा 10 वर्ष से अधिक उम्र के पीड़ित हितग्राहियों को 20 मि.ग्रा. की 1 गोली
5	पेट दर्द	Tab. Dicyclomine (10 mg)	5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को 1 चौथई गोली, 5–10 वर्ष के बच्चे को आधी गोली तथा 10 वर्ष से अधिक उम्र के पीड़ित हितग्राहियों को 1 गोली
6	बुखार	Tab. Paracetamol (250/500 mg)/Syp. Paracetamol (125 mg/5ml)	5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को 250 मि.ग्रा. की आधि गोली अथवा 125 मि.ग्रा. की 1 चम्मच सिरप, 5–10 वर्ष के बच्चे को 250 मि.ग्रा. की 1 गोली अथवा 2 चम्मच सिरप तथा 10 वर्ष से अधिक उम्र के पीड़ित हितग्राहियों को 500 मि.ग्रा. की 1 गोली

- उपरोक्त अनुसार मूलभूत उपचार देने के पश्चात भी यदि प्रतिकूल लक्षण कम नहीं होते हैं तो मैदानी स्वास्थ्यकर्मी द्वारा पीड़ित हितग्राही को निकटस्थ स्वास्थ्य केन्द्र पर तत्काल रेफर किया जाए।
- पीड़ित हितग्राहियों की संख्या 5 से अधिक होने पर सेक्टर अधिकारी/ खण्ड चिकित्सा अधिकारी को तत्काल सूचित किया जाए ताकि एमर्जेन्सी रेस्पॉर्स दल को घटना स्थल पर तुरन्त भेजा जा सके

गंभीर प्रतिकूल घटना प्रोटोकॉल

- गंभीर प्रतिकूल घटना होने पर सर्वप्रथम प्रभावित बच्चे को दूसरे बच्चो से अलग कर दें तथा आई.एफ.ए. अनुपूरण/कृमि नियंत्रण गतिविधि को अस्थाई विराम दें।
- बिना घबराए बाकि समस्त बच्चों को धैर्य रखने की समझाइश दें।
- निकटस्थ शासकीय अस्पताल के हेल्पलाईन नम्बर से तुरंत संपर्क करें एवं सूचना प्रवाह प्रणाली का उपयोग करें।
- चिकित्सक से दूरभाष पर उचित परामर्श प्राप्त करें तथा इमर्जेन्सी रेस्पॉन्स टीम के आने तक प्राथमिक उपचार प्रारंभ करें।
- कॉल सेन्टर के माध्यम से आपातकालीन परिवहन हेतु 108/जननी एक्सप्रेस को तत्काल बुलायें।
- बच्चे के माता–पिता को तुरन्त सूचित करें।

मीडिया से चर्चा

- मीडिया से चर्चा हेतु स्वास्थ्य विभाग की ओर से केवल निम्न अधिकारियों को मनोनीत किया गया है। विकासखण्ड स्तर पर विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला स्तर पर जिला निपी नोडल अधिकारी (केवल चिकित्सक) तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राज्य स्तर पर संचालक तथा मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन।
- किसी भी परिस्थिति में अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिकूल घटना हेतु अभिमत नही दिया जाए।
- विभागीय प्रवक्ता का दायित्व होगा कि मीडिया को सही जानकारी दें जिससे सामुहिक औषधि प्रदायगी बाधित न हो।
- मीडिया के बातचीत पूर्व प्रतिकूल घटना की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की जाए।

प्रपत्र–1

नेशनल आयरन प्लस इनिशिएटिव कार्यक्रम के एडवर्स इवेन्ट (प्रतिकूल घटना) हेतु संपर्क एवं सूचनार्थ

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर तथा सेक्टर मेडिकल आफिसर की संपर्क सूची :–

- जिले का नाम .....
- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का नाम .....
- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का संपर्क नम्बर .....
- सिविल सर्जन का नाम .....
- सिविल सर्जन का संपर्क नम्बर .....
- जिला निपी नोडल अधिकारी का नाम .....
- जिला निपी नोडल अधिकारी का संपर्क नम्बर .....
- कॉल सेन्टर का नम्बर .....
- ई.एम.आर.आई. 108/जननी एक्सप्रेस हेतु संपर्क नम्बर .....

क्रं.	विकासखण्ड के नाम	विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारियों के नाम	मोबाईल नम्बर

क्रं.	सेक्टर का नाम	सेक्टर चिकित्सा अधिकारियों के नाम	मोबाईल नम्बर

(उपरोक्त प्रपत्र, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से भरा जाए तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों/शालाओं में वितरण हेतु जिला परियोजना अधिकारी/जिला शिक्षा अधिकारी तथा विकासखण्ड परियोजना अधिकारी, म.बा.वि./विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग/आदिम जाति कल्याण विभाग को उपलब्ध कराई जाए)

प्रपत्र–2

नेशनल आयरन प्लस इनिशिएटिव कार्यक्रम के एडवर्स इवेन्ट (प्रतिकूल घटना) हेतु शाला प्रधान द्वारा भरे जाने वाला प्रपत्र

अल्पतीव्र/मामूली प्रतिकूल घटना हेतु रिपोर्टिंग प्रपत्र

पीड़ित हितग्राही का नाम एवं पता:	लिंग	उम्र
माता/पिता/पति का नाम तथा संपर्क विवरण:		
ग्राम का पता	* संस्था का प्रकार–शाला आंग[ ]ी केन्द्र [ ]	
	* प्रतिकूल घटना के घटना संस्था पर ✓ का चिन्ह लगायें।	
उपचार स्थल		
रिपोर्टकर्ता का नाम		
रिपोर्टकर्ता का संपर्क विवरण		

पीड़ित हितग्राही के लक्षण		
पीड़ित हितग्राही को दी गई औषधि का नाम	औषधि का बैच कमांक	औषधि के निर्माता का नाम
आयरन फॉलिक एसिड/कृमिनाशक गोली देने की तिथि/समय		
अल्पतीव्र/मामूली प्रतिकूल घटना/लक्षण प्रारंभ होने की तिथि/समय		
पीड़ित हितग्राही का यदि कोई पूर्व चिकित्सकीय इतिहास हो		
अल्पतीव्र/मामूली प्रतिकूल घटना/लक्षण के मूलभूत उपचार हेतु की गई कार्यवाही		

हस्ताक्षर
शाला प्रधान/आंगनवाडी कार्यकर्ता

शाला/आंगनवाडी केन्द्र का नाम
ग्राम का नाम
विकासखण्ड का नाम

प्रपत्र–3

नेशनल आयरन प्लस इनिशिएटिव कार्यक्रम के एडवर्स इवेन्ट (प्रतिकूल घटना) हेतु शाला प्रधान द्वारा भरे जाने वाला प्रपत्र

गंभीर प्रतिकूल घटना हेतु रिपोर्टिंग प्रपत्र

पीड़ित हितग्राही का नाम एवं पताः	लिंग	उम्र
माता/पिता/पति का नाम तथा संपर्क विवरणः		
ग्राम का पता * संस्था का प्रकार–शाला आंगनवाड़ी केन्द्र ☐ * प्रतिकूल घटना के घटना संस्था पर ✓ का चिन्ह लगायें।		
उपचार स्थल		
रिपोर्टकर्ता का नाम		
रिपोर्टकर्ता का संपर्क विवरण		

पीड़ित हितग्राही के लक्षण		
पीड़ित हितग्राही को दी गई औषधि का नाम	औषधि का बैच कमांक	औषधि के निर्माता का नाम
आयरन फॉलिक एसिड/कृमिनाशक गोली देने की तिथि/समय		
गंभीर प्रतिकूल घटना/लक्षण प्रारंभ होने की तिथि/समय		
पीड़ित हितग्राही का यदि कोई पूर्व चिकित्सकीय इतिहास हो		
गंभीर प्रतिकूल घटना/लक्षण के मूलभूत उपचार हेतु की गई कार्यवाही		
गंभीर प्रतिकूल घटना के उपरांत स्वास्थ्य संस्था जहां पीड़ित हितग्राही को रेफर किया गया		

हस्ताक्षर
शाला प्रधान/आंगनवाडी कार्यकर्ता

शाला/आंगनवाडी केन्द्र का नाम
ग्राम का नाम
विकासखण्ड का नाम

Annexure G1

Public Awareness and Community Sensitization

Wall paintings at Sehore and Hoshangabad

Banner display on Deworming at Sehore

Launch Event

Photo Credit: Evidence Action

Photo Credit: Evidence Action

Launch of NDD, Kamla Nehru School, Bhopal

नव भारत भोपाल, बुधवार 11 फरवरी 2015

बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई

भोपाल,10 फरवरी. लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आज शासकीय कमला नेहरू विद्यालय भोपाल में एक कार्यक्रम में बच्चों को कृमिनाशक खिलाने के अभियान का शुभारंभ किया.

राज्य में लगभग एक करोड़ बच्चों को यह दवा दी जाएगी ताकि वे कई स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें.स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि बच्चों में पेट के कीड़ों की समस्या बहुत बड़ी समस्या नहीं है.छोटी सावधानी से इस समस्या को दूर किया जा सकता है.स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मिश्रा ने 10 बालिकाओं को कृमिनाशक दवा देकर अभियान का शुभारंभ किया. प्रमुख सचिव स्वास्थ्य प्रवीर कृष्ण, ने इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश की ओर से प्रकाशित बुकलेट का विमोचन किया.यह बुकलेट नेशनल आयरन प्लस इनिशिएटिव के अंतर्गत प्रकाशित की गयी है.इसमें मध्यप्रदेश में बच्चों में एनीमिया की रोकथाम और कृमिनाशक कार्य–योजना के क्रियान्वयन की जानकारी प्रकाशित की गई है.

Program launch by Dr. Narottam Mishra, Health Minister Madhya Pradesh



14 करोड़ बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाने के लिए 'राष्ट्रीय डीवर्मिंग दिवस' प्रारंभ

भोपाल। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज 'राष्ट्रीय डीवर्मिंग दिवस' की शुरुआत की। यह एक बड़े पैमाने का डीवर्मिंग अभियान है जो १० फरवरी २०१५ को देश के १२ राज्यों में चलाया जाएगा।

भारत सरकार में केन्द्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने राजस्थान की राजधानी जयपुर में इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन में राज्य की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे तथा राजस्थान सरकार में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री श्री राजेन्द्र राठौड़ भी साथ थे। इस अवसर पर केन्द्र व राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय डीवर्मिंग दिवस एक अग्रगामी पहल है जो परजीवी कृमि संक्रमण को घटाने पर केन्द्रित है। यह व्यापक स्तर पर फैली समस्या है और सिर्फ भारत में ही २४.१ करोड़ बच्चे इससे ग्रस्त हैं। मिट्टी से फैलने वाले हेलमिंथ परजीवी कृमि के संक्रमण का दुनिया में सबसे ज्यादा भार भारत पर है। बच्चों में परजीवी कृमियों के संक्रमण से स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं- उन्हें पूरा पोषण नहीं मिल पाता; वे ऐनीमिया, कुपोषण के शिकार हो जाते हैं तथा उनका मानसिक व शारीरिक विकास अवरुद्ध होता है। वर्ष २०१२ में आई रिपोर्ट 'चिल्ड्रन इन इंडिया' (सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित) के मुताबिक ५ साल से कम आयु के ४८ प्रतिशत बच्चे अविकसित हैं।

14 million children protected by National Deworming Day, Bhopal, Madhya Pradesh

ढाई लाख बच्चों को खिलाना है दवा

मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय डी–वर्मिंग डे मनाया

डॉक्टर–अधिकारियों ने भी खाई कृमिनाशक गोली

कृमिनाशन एक बार, बच्चे की बुद्धि, विकास [illegible]

कलेक्टर और सीएमएचओ बच्चों को दवाई देने के दौरान।

चिमनाबाई स्कूल में डी–वर्मिंग डे के शुभारंभ पर उपस्थित बच्चे।

देवास। खुले में शौच की वजह से बच्चों और बड़ों के पेट में होने वाली कीड़े की बीमारी पर लगाम लगाने के लिहाज से मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय डी–वार्मिंग डे मनाया। चिमनाबाई स्कूल में कलेक्टर आशुतोष अवस्थी और महापौर सुभाष शर्मा ने योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ. एके दीक्षित, सिविल सर्जन डॉ. विद्या वेल्हणकर, प्रोग्राम की नोडल अधिकारी डॉ. मनीषा मिश्रा, भोपाल से आई डॉ. स्मिता शिंदे और कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

डॉक्टरों के मुताबिक जिले के सभी स्कूलों में पढ़ रहे 1 से 19 वर्ष आयु तक के करीब 2 से ढाई लाख बच्चों को इस प्रोग्राम के तहत दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। मंगलवार को कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर करीब 500 बच्चों को पेट के कीड़े मारने की गोली खिलाई गई। महापौर और अन्य डॉक्टरों ने भी यह दवा खाई। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ. मनीषा मिश्रा ने बताया कि खुले में शौच करने की वजह से जो कीड़े रिसायकल होकर पेट में सक्रीय होते हैं और बीमारी का प्रतिशत बढ़ा रहे हैं उन पर लगाम लगाने के लिए नेशनल डिवार्मिंग डे मनाया गया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी स्कूलों के 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के ढाई लाख बच्चों को यह गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। मंगलवार को चिमनाबाई स्कूल में करीब 500 बच्चों के साथ ही डॉक्टरों, अधिकारियों और महापौर ने यह गोली खाई। डॉक्टरों के मुताबिक 14 फरवरी तक जिले के सभी स्कूलों में बच्चों को यह दवाई खिलाई जाएगी। मंगलवार से इस राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

अधिकांश लोग कृमि के शिकार

डॉक्टरों के मुताबिक अधिकांश लोग पेट में कीड़े की बीमारी क्रमी से ग्रसित है। खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में यह प्रतिशत ज्यादा है। यह खुले में शौच की वजह से होती है। इसलिए दवाई खिलाने के साथ ही खुले में शौच की परंपरा पर भी रोक लगानी होगी तभी यह अभियान सफल हो पाएगी। –निप्र

...और गोली खाते ही गिर गई!

कार्यक्रम के दौरान एक स्कूली बालिका को गोली खिलाने के लिए मंच पर बुलाया गया। डॉक्टरों द्वारा गोली देने के बाद जैसे ही बालिका ने गोली खाई उसके तुरंत बाद वह गिर गई। इससे वहां सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए। हालांकि बालिका भूखे पेट रहने के चलते आई कमजोरी की वजह से गिर गई थी। डॉक्टरों ने बताया कि इस दवाई से कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

12.5 lakh children to be covered on National Deworming Day: Department of Health Celebrates NDD, Devas, Madhya Pradesh

नेशनल डीवार्मिंग–डे की शुरुआत

बच्चों को खिलाई गोलियां

patrika.com

नेशनल डीवार्मिंग डे का मंगलवार को दोपहर 12 बजे महात्मा गांधी हाईस्कूल में स्कूली बच्चों को कृमिनाशन हेतु एलबेन्डाजॉल की गोली खिलाई गई। स्कूली बच्चों को सम्बोधित करते हुए विधायक दिनेश राय मुनमुन ने साफ रखने और खुली खाद्य सामग्री न खाने की सलाह दी। नपाध्यक्ष आरती शुक्ला ने कहा कि जीवन में स्वास्थ्य का बहुत महत्व है। स्वच्छता अपना कर स्वस्थ रहकर व्यक्ति सफलता हासिल कर लेता है। कलेक्टर भरत यादव ने कहा कि पेट में पाए जाने वाले कीड़ों के कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां खून की कमी, थकान एवं कमजोरी भी हो जाती हैं। इन बीमारियों को दूर करने के लिए बच्चों के पेट में पाए जाने वाले कीड़ों को खत्म करना जरूरी है। इसके लिए प्रति वर्ष दो बार नेशनल डीवार्मिंग डे मनाकर बच्चों को एल्बेण्डाजोल की गोली और छोटे बच्चों को सीरप पिलाई जाती है। शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

महात्मा गांधी स्कूल में बच्चों को कृमिनाशन गोली देते हुए विधायक एवं कलेक्टर ।

आंगनबाड़ी में भी होगा कार्यक्रम

जिला टीकाकरण अधिकारी एपी पटेरिया, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी नीलिन राज मालेकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विनोद पीहल, डीईएम संदीप श्रीवास प्रचार्य तेजी जैन सहित शिक्षक और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे। एपी पटेरिया ने बताया कि नेशनल डीवार्मिंग-डे का मुख्य उद्देश्य 1 से 19 वर्ष के बच्चों को कृमिनाशक हेतु एलबेन्डाजॉल की गोली खिलाना है। छूटे हुए बच्चों के लिए 11 से 14 फरवरी तक मॉप अप दिवस के माध्यम से कृमिनाशक का कार्य स्कूल एवं आंगनबाड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता के माध्यम से किया जाएगा।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल में बच्चों को गोली वितरित करते शिक्षक।

बच्चों को बांटी एलबेन्डाजॉल टेबलेट

डीवार्मिंग डे के अवसर पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल में भी प्रचार्य और शिक्षकों द्वारा 1042 बच्चों को कृमिनाशन हेतु एलबेन्डाजॉल की टेबलेट वितरित की गई। जिसमें माध्यमिक शाला के 203 और उच्चतर माध्यमिक शाला के 839 बच्चों को गोली वितरित की गई।

National De-worming Day: Albendazole tablets and syrups administered to Anganwadi and School children, Shivni (M.P)

Central Chronicle **Edit** Bhopal, Wednesday, February 11, 2015

Deworm to not lose gains made on child health and nutrition

Priya Jha who leads Evidence Action's Deworming The World initiative in India, had said to Citizen News Service (CNS) last year that side-effects associated with deworming are rare, minor and transitory, for example, feeling nauseated. However, if children have extremely high worm loads, the first round of treatment can cause abdominal pain and gastrointestinal distress. If an area is known to be severely affected, the potential for side-effects should be explained to teachers and families so that they clearly understand that the pain is not the result of the drugs, but due to the dying worms being expelled. The teacher should ask the child to lie down in the shade until they feel better, and if possible, to give clean water to the child to drink.

Government of India is observing National Deworming Day on 10th February to control infections in children caused by Soil-Transmitted Helminths (STH) or intestinal worms, which are among the most common infections worldwide. The World Health Organization (WHO) estimates that 241 million children between the ages of 1 and 14 are at risk of STH infection in India. These worms live in human intestines and consume nutrients meant for the human body. They are transmitted by eggs present in human feces, which contaminate soil in areas where sanitation is poor. STH infections can lead to anemia, malnutrition, impaired mental and physical development, and reduced school participation. Safe, inexpensive and effective medicines are available to control infection.

Regular treatment is a cost-effective method of controlling the public health threat of worms in the absence of improved sanitation.

Jagat Prakash Nadda, Union Minister of Health and Family Welfare, Government of India, wrote to state health ministers that: "[STH] infection of heavy intensity impairs physical growth, cognitive development and is a cause of micronutrient deficiencies like anaemia leading to poor school performance and absenteeism in children. Periodic deworming of children together with improvement of water and sanitation and health education can reduce the transmission of STH infestation. Thus, considering the state's preparedness and with an aim to intensify efforts towards STH control, it has been decided to conduct National Deworming Day, on 10th February 2015 followed by mop-up round on 13th February 2015 in 12 states of India, namely: Assam, Bihar, Chhattisgarh, Delhi, Dadar and Nagar Haveli, Haryana, Karnataka, Maharashtra, Madhya Pradesh, Rajasthan, Tamil Nadu and Tripura. On the national deworming day, children in the age group 1-19 years will be provided Albendazole through the platform of schools and anganwadi centres, except in identified lymphatic filariasis endemic districts." The WHO recommends school-based deworming as a safe and cost-effective intervention that achieves high coverage of at-risk children.

Priya Jha who leads Evidence Action's Deworming The World initiative in India, had said to Citizen News Service (CNS) last year that side-effects associated with deworming are rare, minor and transitory, for example, feeling nauseated. However, if children have extremely high worm loads, the first round of treatment can cause abdominal pain and gastrointestinal distress. If an area is known to be severely affected, the potential for side-effects should be explained to teachers and families so that they clearly understand that the pain is not the result of the drugs, but due to the dying worms being expelled. The teacher should ask the child to lie down in the shade until they feel better, and if possible, to give clean water to the child to drink. The recommended doses of albendazole have been given to hundreds of millions of children in different countries worldwide with very few adverse reactions reported.

Nutritional and health consequences of infection: Controlling STH infection is important lest we lose on the gains made in advancing child's health and nutrition. According to the factsheet of Ministry of Health and Family Welfare, Government of India STH impair the nutritional status of the people they infect in multiple ways: worms feed on host tissues, including blood, which leads to anemia; worms increase malabsorption of nutrients. In addition, roundworm may compete for vitamin A in the intestine; and the nutritional impairment caused by STH is recognized to have a significant impact on growth and physical development.

PREVENTING STH INFECTION

STH infection can be prevented by taking precautions, such as: using sanitary toilets (not defecating outside), hand-washing (particularly before eating and after using toilets), wearing slippers and shoes, washing fruits and vegetables with safe and clean water, eating properly cooking food, and keeping nails clean and short.

BENEFITS OF DEWORMING

According to the factsheet of Ministry of Health and Family Welfare, Government of India: Rigorous studies have shown that deworming has a significant impact on the health, education and livelihood of treated children. Outcomes of deworming include decreased anemia and improved nutrition; increased growth and weight gain; improved cognition and mental and physical development; increased resistance to other infections; improved school attendance; improved children's ability to learn better and be more active in school; and increased hours worked and wages earned in the long-run in adulthood. Deworming also has important spillover effects, as other members of the community who do not receive treatment also benefit as there are fewer worms in the environment.

Globally, more than 1.5 billion people or 24% of the world's population are infected with STH. Infections are widely distributed in tropical and subtropical areas, with the greatest numbers occurring in sub-Saharan Africa, the Americas, China and East Asia. Over 600 million school-age children and 270 million preschool-age children are in need of regular treatment and preventative interventions.

The WHO global target is to eliminate morbidity due to STH in children by 2020. This goal will be achieved by regularly treating at least 75% of the children in endemic areas (an estimated 873 million).

Bobby Ramakant, Citizen News Service - CNS

Deworming and its role in sustaining Child health and Nutrition: In conversation with Priya Jha (Country Director, Evidence Action's Deworming the World Initiative), Bhopal, Madhya Pradesh

THE FREE PRESS JOURNAL SINCE 1928 *Bhopal / Wednesday February 11, 2015*

1cr kids to be administered de-worming drug

Health minister Narottam Mishra launches a campaign to administer de-worming drug to kids on Tuesday.

OUR STAFF REPORTER
BHOPAL

Minister for Public Health and Family Welfare Dr Narottam Mishra, in a programme organised here at Government Kamla Nehru School on Tuesday, inaugurated a campaign of administering de-worming tablets to children. De-worming medicine would be administered to around one crore children across the state.

Health Minister Dr Mishra said major problems could be averted by eliminating its causes. This strategy is being applied in prevention from Swine Flu. Adequate treatment is the only alternative on the spread of any disease. Health Minister also inaugurated a booklet published on behalf of National Health Mission, Madhya Pradesh under National Iron Plus Initiative.

21 million children to be administered deworming drug, Bhopal – Madhya Pradesh

Annexure G2:

Case Studies

NATIONAL DEWORMING DAY

This document has quotes collected during the National Deworming Day held in Madhya Pradesh.

Evidence Action- Deworm the World Initiative

Photo Credit: Evidence Action

"As a school teacher I understand how important it is for the school children to attend school regularly. During the deworming program held in my school, I ensured that each and every child was given Albendazole medicine on the deworming day and the left out children on mop-up days. "

13 February 2015
Ms. Kaushlya Chaure
Science Teacher
Government Middle School
Khajuri Sadak, Block Phanda - District Bhopal
Madhya Pradesh

Photo Credit: Evidence Action

"I have been regularly working with the state government health initiatives, especially for children in anganwadi centres and government/aided schools. I am happy to be involved in the deworming program, however I feel that this program should not be limited to children studying in government and government aided schools. Similar program should be done for the children studying in private schools as well."

13 February 2015
Ms. Jyoti Daniel
ANM
Khajuri Sadak, Block Phanda - District Bhopal
Madhya Pradesh

Photo Credit: Evidence Action

"We wish to grow strong and join the police services and serve for our country. The deworming medicine will help us grow healthy and we will be able to attend the school daily and concentrate better."

12 February 2015
Suraj and his friends
Students
Government Middle School
Khajuri Sadak, Block Phanda - District Bhopal Madhya Pradesh

Photo Credit: Evidence Action

"As part of the deworming day, I administered Albendazole to the children between the age group of 2-5 years in my anganwadi center. Deworming drug is absolutely safe and is highly beneficial for the children particularly belonging to this age group as this helps the children to grow healthy and active ".

13 February 2015
Ms. Anita Joshi
Anganwadi Worker
Khajuri Sadak, Block Phanda - District Bhopal
Madhya Pradesh

Photo Credit: Evidence Action

"I know the benefits of taking the deworming medicine. This will help me get rid of my stomach worms and make me healthy and I will be able to perform better in school "

10 February 2015
Chanchal Kumari, 11 years old
Student Government Higher Secondary School
Anchal Kheda, Block - Babai District Hoshangabad
Madhya Pradesh

Evidence Action
Deworm the World Initiative
Implementation partner AFSS

NATIONAL HEALTH MISSION

सत्यमेव जयते
Ministry of Health & Family Welfare
Government of India

USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE

म.प्र. शासन द्वारा जनहित में जारी

नेशनल डिवर्मिंग डे (NDD)

स्कूली बच्चों को कृमि मुक्त करने के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवाल–जवाब (FAQs)
आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा और अध्यापकों के लिए

क्रमांक	सवाल	जवाब
1.	कृमि क्या होते हैं?	कृमि परजीवी होते हैं, जो भोजन और जीवित रहने के लिए मनुष्य की आंतों में रहते हैं। कृमि मानव शरीर के जरुरी पोषक तत्वों को खाते हैं, जिससे खून की कमी, कुपोषण तथा वृद्धि में रुकावट होती है।
2.	लोगों को कृमि संक्रमण कैसे हो जाते हैं?	कृमि संक्रमण अस्वच्छता के कारण होते है और इनका संचरण संक्रमित मिट्टी के द्वारा होता है। कृमि संक्रमण संचरण चक्र संलग्नक 1 में दिया गया है।
3.	कृमि संक्रमण को फैलने से कैसे रोकें ?	सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाकर कृमि के संक्रमण को फैलने से रोकने के कई तरीके हैं, जिनमें शामिल हैं: ● हाथ धोना, खास तौर पर खाना खाने से पहले और शौच जाने के बाद ● स्वच्छ शौचालयों का प्रयोग करना ● जूते / चप्पल पहनना ● शुद्ध व साफ पानी पीना ● भोजन को अच्छी तरह पकाना ● फलों, सब्जियों व सलाद को सुरक्षित और साफ पानी से धोना ● नाखून साफ और छोटे रखे
4.	कृमि संक्रमण से होने वाले हानिकारक प्रभाव क्या हैं?बच्चों को कृमि मुक्त करना क्यों जरूरी है?	कृमि संक्रमण बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा में बाधा डालते हैं। कृमि से खून की कमी तथा कुपोषण हो सकता है, जिसके मानसिक और शारीरिक विकास पर नकारात्मक प्रभावपड़ता है। कुपोषित और खून की कमी वालेबच्चों का अक्सरवज़न कम होता है और विकास में रुकावटआती है।तीव्र संक्रमण के कारण बच्चे अकसर बहुत अधिक बीमार या अधिक थके हुए रहते हैं जिसके कारण वे स्कूल में ध्यान नहीं लगा पाते हैं या बिल्कुल भी स्कूल नहीं जा पाते।जिन बच्चों में कृमि संक्रमण का इलाज किया गया है,
5.	नेशनल डीवर्मिंग डे क्या है?	नेशनल डीवर्मिंग डे पर 1 से 19 वर्ष के आयु के सभी बच्चे (नामांकित और गैर–नामांकित दोनों) सालाना तौर पर सभी स्कूलऔर आंगनवाड़ी केन्द्रोंमें कृमि संक्रमण का इलाज प्राप्त कर सकते हैं।
6.	नेशनल डीवर्मिंग डेकब है?	नेशनल डीवर्मिंग डेसालाना तौर पर10 फरवरी कोघटित किया जा रहाहैं।
	अध्यापकों व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताके साथ–साथ, स्वास्थ्य कर्मचारी इलाज क्यों दे रहे हैं?	बच्चे अपने अध्यापकों व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताके साथ सहज होते हैं, और समुदाय व माता–पिता को उन पर काफी विश्वास होता है। अध्यापक व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताआसानी से बुनियादी प्रशिक्षण के साथ बच्चों को कृमि नियंत्रण दवाईयां दे सकते हैं।
7.	सभी बच्चों को इलाज करने की आवश्यकता क्यों है, जबकी कुछ बच्चे बीमार भी नहीं प्रतीत होते?	हो सकता है कृमि के प्रभाव तुरंत दिखाई न दें, लेकिन वे बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और संपूर्ण विकास को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं।
8.	कृमि संक्रमण का बच्चों के लिए क्या	एल्बेंडाजोल एक कृमि नियंत्रण दवाई है, जो भारत सरकार द्वारा प्रयोग की जाती है।

9.	इलाज है?	यह आंत संबंधी कृमि संक्रमण का एक सुरक्षित ईलाज है और पूरे विश्व में प्रयोग की जाती है।
10.	क्या कृमि संक्रमण के इलाज के कोई साईड इफेक्ट हैं?	कुछ मामूली साईड इफेक्ट हो सकते हैं जैसे चक्कर आना, जी मिचलाना, सिरदर्द, और उल्टी होना। ये साईड इफेक्ट कुछ समय बाद ठीक हो जाते हैं।
11.	क्या बच्चे के लिए बिना भोजन खाए कृमि नियंत्रण गोली लेना सुरक्षित है?	खाली पेट कृमि नियंत्रण गोली ली जा सकती है।
12.	क्या डीवर्मिंगगोली किसी बीमार बच्चे को दी जानी चाहिए?	यदि कोई बच्चा बीमार है, तो उसे कृमि नियंत्रण गोली न दें।
13.	यदि किसी बच्चे को डीवर्मिंगके बाद कोई साईड इफेक्ट ध्नकारात्मक प्रतिक्रिया होती है तो अध्यापक व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताको क्या करना चाहिए?	प्रशिक्षण के समय दी गई हेल्प लाइन पर सम्पर्क करें फोन करे, जिसका नंबर सेशन आपको दिया जाता है। बच्चे को छाया में लिटाएं और पानी पिलाएं। यदि लक्षण बहुत अधिक तीव्र हों, जो की बच्चे को कुछ और अनुभव हो रहा है जो की इलाज से सम्बंधित नहीं है तो उस बच्चे को पास के स्वास्थ्य केंद्र में ले जाऐं।
14.	यदि बच्चे को गोली देने के बाद गोली अटक जाती है तो क्या करना चाहिए?	1. शांत रहें। 2. बच्चे को छाया वाले व ठंडे स्थान पर ले जाएं और उसे खांसने दें या उसे पानी पिलाएं। (यदि इससे उसे आराम न हो तो स्टेप 3 का अनुसरण करें) 3. उसे थपथपाएं या वायुमार्ग से वस्तु को निकालने के लिए बच्चे की कमर के ऊपर के हिस्से पर हाथ के साथ बैक ब्लो दें या फिर बच्चे को आगे की तरफ झुकाएं और उसकी पीठ को थपथपाएं ताकि गोली बाहर आ जाए। (यदि इससे उसे आराम न हो तो स्टेप 4 का अनुसरण करें) 4. हेल्प लाइन या पास के स्वास्थ्य कर्मचारी को फोन करें

संलग्नक कृमि संचरण चक्र

कृमि संक्रमण चक्र

स्रोतः 2011, WHO

Front

Evidence Action
Deworm the World Initiative
Implementation partner AFSS

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

सत्यमेव जयते
Ministry of Health & Family Welfare
Government of India

USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE

शिक्षक के लिये हैंडआउट

नेशनल डिवार्मिंग डे संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा जानकारी पत्र

कृमि संक्रमण चक्र

स्रोतः 2011, WHO

बच्चों की सेहत पर कृमि के हानिकारक प्रभाव

- थकान और बेचैनी
- भूख न लगना
- पेट में दर्द, मितली, उल्टी और दस्त
- मल में खून आना
- खून की कमी
- कुपोषण
- पेट में सूजन

कृमि संक्रमण से बचाव के तरीके

- खाने से पहले, शौच के बाद साबुन से हाथ धोएँ
- फलों और सब्जियों को खाने से पहले पानी से अच्छी तरह धोएँ
- साफ पानी या उबाल के पानी पीएँ
- जूते पहनें
- नाखुन साफ और छोटे रखें
- खुली जगह में शौच न करें, शौचालय का प्रयोग करें
- शौचालय के आस पास सफाई रखें

बच्चों को कृमि नियंत्रण से फायदे

- वह स्कूल रोज़ाना जा सकते है
- वह चुस्त रहते है और उनमें रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ जाती है
- उनका विकास जल्दी होता है

अल्बेंडाजॉल 400 mg की एक गोली कृमि से मुक्ति दिलाने में मदद करती है

किसी भी गंभीर स्थिति में 108 / जननी एक्सप्रेस या अन्य आपातकालीन सहायता नंबर पर संपर्क करें

म.प्र. शासन द्वारा जनहित में जारी

Back

Evidence Action
Deworm the World Initiative
Implementation partner AFSS

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

सत्यमेव जयते
Ministry of Health & Family Welfare
Government of India

USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE

शिक्षक के लिये हैंडआउट

नेशनल डीवार्मिंग डे दौरान कार्यकर्ता की भूमिका

स्कूल स्तरीय दवाई वितरण (कक्षा 1–12वीं तक)

प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका से जरूरी संख्या में दवाई ले कर कक्षा में पहुचें।

जो बच्चे बीमार है उन्हे दवाई न दे, और अलग बिठाएँ।

बच्चों को एलबेंडाजॉल (400 mg) पूरी गोली दें। (चबाने वाली गोली)



सुनिश्चित करें कि बच्चों ने गोली चबा ली हो तथा पीने का साफ पानी जरूर रखें।

नेशनल डीवार्मिंग डे, 10 फरवरी को दवाई देने के बाद उपस्थिती रजिस्टर में बच्चों के नाम के सामने एक सही (✓) का निशान लगाएँ।

जो बच्चे डीवार्मिंग डे के दिन बीमारी/अनुपस्थिती के कारण छूट गये हैं, उन्हें 11–14 फरवरी को दवाई दें तथा उपस्थिती रजिस्टर में दवाई देने के बाद बच्चों के नाम के सामने दो सही के (✓✓) निशान लगाएँ।

शिक्षक कक्षा के अकड़े प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका को जमा करना सुनिश्चत करे।
प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका संकलन किये हुए स्कूल रिपोर्टिंग प्रणाली समय सीमा में आशा/बी.सी.एम./बी.पी.एम. के माध्यम से विकासखंण्ड चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध करायें

डीवार्मिंग की दवाई खाने से मामूली प्रतिकूल लक्षण
दवाई लेने के बाद कुछ बच्चे हल्के पेट दर्द, मितली, उल्टी, दस्त और थकान महसूस कर सकते हैं। ये सामान्य से साइड इफैक्ट होते हैं।

स्कूल में (साइड इफैक्टस) प्रतिकूल घटना कैसे सम्भालें ?
बच्चे के गले में गोली अटकने पर क्या करें ?

- बच्चे को छाती के बल अपनी गोद में लेटाएँ। उसके सिर को नीचे लटकने दें।
- अपनी हथेली से बच्चे की पीठ थपथपाएं, जिससे गोली निकल आएं।

(साइड इफैक्टस) प्रतिकूल घटना के होने पर क्या करें ?

- साइड इफैक्ट्स अस्थायी होते हैं और ज़्यादातर इसमें अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ती।
- जिन बच्चों को साइड इफैक्ट्स हुएँ हैं उन्हें अलग से छायादार जगह पर लिटा दें।
- उन्हें साफ पीने का पानी/ORS घोल दें। बच्चे को निगरानी में रखें।
- अगर ज़्यादा गंभीर समस्या हो तो प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका नज़दीकी सरकारी अस्पताल/एएनएम/आपातालीन हेल्पलाईन नंबर/108 को सूचित करें और सहायता मागें। यह नंबर कार्यक्रम से पूर्व दरवाज़े पर अवश्य लगाएँ।



महत्वपूर्ण निर्देश

- बीमार बच्चों को दवाई न दें।
- जो बच्चे दवाई ना खाना चाहें, उन्हें लाभ की जानकारी दें और उन पर अनावश्यक ज़ोर न दें।
- प्रत्येक बच्चे को एक पूरी अल्बेंडाजॉल (400 mg) गोली दें।
- यह दवाई बच्चों और बड़ो – सभी के लिए सुरक्षित है।
- नेशनल डीवार्मिंग डे सम्बंधित SMS/फोन मिलने पर सहयोग प्रदान करें।
- 10–14 फरवरी का शाला त्यागी, शाला अप्रवेशी को दवाई नजदीकी ऑगनवाड़ी केन्द्र पर उपलब्ध करायें ।

किसी भी गंभीर स्थिति में 108/ जननी एक्सप्रेस या अन्य आपातकालीन सहायता नंबर पर संपर्क करें

म.प्र. शासन द्वारा जनहित में जारी

Annexure H2

Training Support

Training at Cluster Level for Teachers, Vidsha, MP

Block Level Training, by Block Program Manager, Raisen, MP

Annexure H3

SMS


●●●●● Airtel
11:40 am
53%
Messages AD-MPNRHM
Details
नजदीकी स्कूल/आंगनवाडी केंद्र
मे नेशनल डीवर्मिंग-डे मनाये, 1
से 19 वर्ष के समस्त बच्चो को
एल्बेन्डाज़ोल गोली खिलवाएँ |
नेशनल डीवर्मिंग-डे के अंतर्गत
किसी भी बच्चे को प्रतिकूल
घटना होने पर 108/जननी
सुरक्षा वाहन से नजदीकी
अस्पताल मे पहुचाएं|
Today 11:39 am
नेशनल डीवर्मिंग-डे के अंतर्गत
किसी भी बच्चे को प्रतिकूल
घटना होने पर 108/जननी
सुरक्षा वाहन से नजदीकी
अस्पताल मे पहुचाएं|
Text Message
Send

Annexure H4

Website

This report is made possible by the generous support of the American people through the United States Agency for International Development (USAID). The contents are the responsibility of Evidence Action and does not necessarily reflect the views of USAID or the United States Government.